दैनिक भास्कर

भास्कर विशेष शेखावाटी मिशन-100

पाठ-18 भारतीय वैज्ञानिक-जीवन परिचय एवं उपलब्धियां (अंक भार- 03)
पाठ-19 जैव विविधता एवं इसका संरक्षण (अंक भार - 05)
कक्षा-10 विषय- विज्ञान

प्रश्न 1. भारतीय वैज्ञानिक चरक ने बीमारी उत्पन्न होने का क्या कारण बताया है।
उत्तर-वात, पित्त व कफ दोषों के कारण बीमारी उत्पन्न होती है।
प्रश्न 2. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा कौनसी मिसाइलों का विकास व प्रक्षेपण किया गया।
उत्तर-पृथ्वी, अग्नि, त्रिशूल, नाग व आकाश।
प्रश्न 3. रमन प्रभाव या रमन प्रकीर्णन से आप क्या समझते है।
उत्तर-जब प्रकाश द्रव माध्यम से गुजरता है तो प्रकाश व द्रव में अंतः क्रिया होती है जिसे प्रकाश का प्रकीर्णन कहा जाता है। आकाश का नीला रंग प्रकाश प्रकीर्णन के कारण दिखता है।
प्रश्न 4. प्राचीनतम ग्रंथ चरक सहिता कौनसी भाषा में लिखा गया है।
उत्तर-संस्कृत भाषा में।
प्रश्न 5. डॉ. सलीम अली की आत्मकथा का नाम लिखिए।
उत्तर-द फॉल ऑफ ए स्पैरो
प्रश्न 6. प्रजाति विविधिता से आप क्या समझते है।
उत्तर-किसी क्षेत्र विशेष में पाए जाने वाले जीवों की कुल संख्या को प्रजाति विविधिता कहते है।
प्रश्न 7. आनुवांशिक विविधता से आप क्या समझते है।
उत्तर-एक ही प्रजाति के विभिन्न सदस्यों के बीच आनुवंशिक इकाई जिन के कारण पाई जाने वाली विविधता को आनुवांशिक विविधता कहते है।
प्रश्न 8. जैव विविधता तप्त स्थल किसे कहते है।
उत्तर-ऐसे क्षेत्र जहां बहुत अधिक जैव विविधता पायी जाती है जैव विविधता तप्त स्थल कहते है।
प्रश्न 9. CITES का उद्देश्य लिखिये।
उत्तर-संकटग्रस्त प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर रोक लगाना।
प्रश्न 10. स्व स्थाने संरक्षण से आप क्या समझते है।
उत्तर-ऐसा संरक्षण जिसमें जीव-जातियों को उनके प्राकृतिक आवास में ही संरक्षित किया जाता है स्वस्थाने संरक्षण कहते है।
प्रश्न 11. बहिस्थाने संरक्षण से आप क्या समझते है।
उत्तर-ऐसा संरक्षण जिसमें जीव-जातियों को उनके प्राकृतिक आवास से बाहर कृत्रिम आवास में सरंक्षित किया जाता है बहि स्थाने संरक्षण कहते है
प्रश्न 12. IUCN ने विश्व की जीव प्रजातियों को कितने वर्गो में बांटा है।
उत्तर-(1) विलुप्त प्रजातियां (2) संकट ग्रस्त प्रजातियां (3) अति संवेदनषील प्रजातियां (4) दुर्लभ प्रजातियां (5) अपर्याप्त रूप से ज्ञात प्रजातियां
प्रश्न 13. स्थानबद्ध प्रजातियों से आप क्या समझते हैं।
उत्तर- ऐसी प्रजातियां जो एक क्षेत्र विशेष में पायी जाती है अर्थात इनका वितरण एक सीमित क्षेत्र में होता है स्थानबद्ध प्रजातियां कहते है।
प्रश्न 14. रेड डाटा बुक से आप क्या समझते हैं।
उत्तर-रेड डाटा बुक में लुप्त हो रही जातियों, उनके आवास व वर्तमान में उनकी संख्या को सूचीबद्ध किया जाता है।
प्रश्न 15. जैव विविधता पर संकट के कारण लिखिए।
उत्तर-(1) प्राकृतिक आवास का नष्ट होना,(2) प्राकृतिक आवास का विखंडन (3) जलवायु परिवर्तन (4) पर्यावरण प्रदूषण

शैक्षिक प्रकोष्ठ - संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) चूरू संभाग, चूरू
संकलनकर्ता - जितेंद्र कुलहरि, वअ, राउमावि पीथीसर, चूरू